भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.162**
बुधवार, 24 जुलाई, 2024 (श्रावण 2, 1946, (शक)) को उत्तरार्थ

## कृषि क्षेत्र में सहकारी समितियां

162# डॉ. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सहित कृषि क्षेत्र में राज्य-वार कितनी सहकारी समितियां कार्यरत है;
(ख) सहकारी समितियों द्वारा सीधे किसानों से फलों और सब्जियों की राज्य-वार कुल कितनी खरीद की जाती है;
(ग) क्या सरकार का विचार कृषि आधारित सहकारी समितियों के लिए नीति बनाने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) विकसित किया है । इस उद्देश्य के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रकों की सभी सहकारी समितियों के डेटा की प्रविष्टि इस डेटाबेस में की गई है । एनसीडी पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश भर में कृषि क्षेत्र में कार्यरत सहकारी समितियों की संख्या का राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) किसानों से फलों और सब्जियों की सीधी खरीद मुख्य रूप से राज्य सरकारों द्वारा की जाती है । हालांकि, फलों और सब्जियों की खरीद से संबंधित भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (NCCF) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (NAFED) से प्राप्त सूचना **अनुबंध-II** में संलग्न है ।

(ग) और (घ) नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति के निर्माण के लिए श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यों की राष्ट्र-स्तर समिति का गठन किया गया है जिसमें सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञों, राष्ट्रीय/राज्य/ जिला और प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियां, राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के सहकारिता सचिवों और सहकारी समितियों के पंजीयकों (RCSs), केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है । इस संबंध में सुझाव और सिफारिश प्राप्त करने के लिए इस राष्ट्र-स्तरीय समिति ने देश भर में 17 बैठकें और 04 क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित की। इस राष्ट्र-स्तरीय समिति द्वारा तैयार की गई नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर रिपोर्ट का मसौदा प्राप्त हो गया है। प्रारूप नीति तैयार हो गई है जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*****

**अनुबंध-I**

**एनसीडी (NCD) पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार कृषि क्षेत्र में कार्यरत सहकारी समितियों का राज्य-वार विवरण (दिनांक 16.07.2024 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कृषि एवं संबद्ध सहकारी समितियां (गैर-क्रेडिट) | प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (PACS) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 11 | 47 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 523 | 1,952 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 119 | 33 |
| 4 | असम | 342 | 821 |
| 5 | बिहार | 528 | 8,343 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 4 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 63 | 2,044 |
| 8 | दिल्ली | 4 | - |
| 9 | गोवा | 69 | 79 |
| 10 | गुजरात | 5,976 | 9,862 |
| 11 | हरियाणा | 260 | 804 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 49 | 2,111 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 473 | 539 |
| 14 | झारखंड | 303 | 4,458 |
| 15 | कर्नाटक | 281 | 5,985 |
| 16 | केरल | - | 1,621 |
| 17 | लद्दाख | 2 | 114 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1,494 | 4,532 |
| 19 | महाराष्ट्र | 3,335 | 21,048 |
| 20 | मणिपुर | 246 | 260 |
| 21 | मेघालय | 130 | 628 |
| 22 | मिजोरम | 165 | 95 |
| 23 | नागालैंड | 793 | 813 |
| 24 | ओडिशा | 78 | 4,164 |
| 25 | पुड्डुचेरी | 1 | 53 |
| 26 | पंजाब | 166 | 3,524 |
| 27 | राजस्थान | 260 | 7,664 |
| 28 | सिक्किम | 22 | 172 |
| 29 | तमिलनाडु | 6 | 4,514 |
| 30 | तेलंगाना | 585 | 923 |
| 31 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 12 | 12 |
| 32 | त्रिपुरा | 103 | 269 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 727 | 7,142 |
| 34 | उत्तराखंड | 134 | 670 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 46 | 4,856 |
| | **कुल** | **17,307** | **1,00,156** |

**अनुबंध- II**

**1. भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (NCCF) से प्राप्त सूचना**

फलों और सब्जियों की खरीद का विवरण निम्नानुसार है:

**क. प्याज की खरीद:**

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र से प्याज की कुल खरीद 3,66,000 मीट्रिक टन है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में महाराष्ट्र से प्याज की कुल खरीद 2,50,000 मीट्रिक टन है ।

**ख. टमाटर की खरीद:**

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में, कर्नाटक (बंगलोर) से टमाटर की कुल खरीद 391.532 मीट्रिक टन और महाराष्ट्र से 509.917 मीट्रिक टन है ।

**2. राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (NAFED) से प्राप्त सूचना**

**क. प्याज की खरीद**

- वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में (दिनांक 17.07.2024 की स्थिति के अनुसार) प्याज की कुल खरीद निम्नानुसार है:

| वर्ष | राज्य का नाम | खरीदी गई मात्रा (मीट्रिक टन में) |
|---|---|---|
| 2023-24 | गुजरात | 7,724.53 |
| | मध्य प्रदेश | 2,256.61 |
| | आंध्र प्रदेश | 65.81 |
| | राजस्थान | 186.11 |
| | महाराष्ट्र | 2,75,762.02 |
| | **2023-24 के दौरान खरीदी गई कुल मात्रा** | **2,85,995.08** |
| 2024-25 | महाराष्ट्र | 1,75,661.50 |
| | मध्य प्रदेश | 242.78 |
| | **2024-25 के दौरान खरीदी गई कुल मात्रा** | **1,75,904.28** |

**ख. टमाटर की खरीद:**

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में आंध्र प्रदेश से टमाटर की कुल खरीद 320.016 मीट्रिक टन है ।

*****